सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 06 | इंदौर, शुक्रवार 18 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## पीएम आज बिहार और बंगाल को देंगे करोड़ों की सौगात

### मोतिहारी और दुर्गापुर में जनसभा भी होगी



मोतिहारी/दुर्गापुर, (एजेंसी) बंगाल दौरे पर पीएम मोदी बांकुरा, पुरुलिया, दुर्गापुर और बर्धमान जिलों समेत अन्य क्षेत्रों को भी तोहफा देंगे। प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल के बांकुरा और पुरुलिया जिले में लगभग 1,950 करोड़ रुपये की लागत वाली भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीएलसी) सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना की आधारशिला रखेंगे। दुर्गापुर से कोलकाता तक (132 किमी) की नेचुरल गैस पाइपलाइन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जो प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा (पीएमयूजी) परियोजना के तहत जगदीशपुर-हल्दिया और बोकारो-धामरा पाइपलाइन का हिस्सा है।

प्रधानमंत्री मोदी बिहार से कई रेल परियोजनाओं को राष्ट्र के नाम समर्पित करेंगे, जिसमें 580 करोड़ रुपये से अधिक लागत की दरभंगा-समस्तीपुर दोहरीकरण परियोजना भी शामिल है। इससे रेल संचालन की क्षमता बढ़ेगी और देरी कम होगी। प्रधानमंत्री कई नई रेल परियोजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में पाटलिपुत्र में वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव के लिए बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। लगभग 4,080 करोड़ रुपये की दरभंगा-नरकटियागंज रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना का भी शिलान्यास होगा। वहीं बंगाल के पुरुलिया में 390 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुरुलिया-कोटशिला रेल लाइन के दोहरीकरण कार्य को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी बिहार से लखनऊ और दिल्ली के बीच चलने वाली चार नई अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इनमें पटना के राजेंद्र नगर टर्मिनल से दिल्ली, मोतिहारी के बापूधाम से दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल, दरभंगा से लखनऊ (गोमती नगर) और मालदा टाउन से भाभलगढ़ होते हुए लखनऊ (गोमती नगर) के बीच अमृत भारत ट्रेन शामिल हैं।

### स्पेन दौरे में सीएम मोहन यादव की बड़ी पहल

# तकनीक और वस्त्र उद्योग में निवेश की संभावनाएं टटोलीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को स्पेन में डेटा सेंटर कूलिंग तकनीक में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी सबमर के मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने राज्य में संभावित निवेश और रणनीतिक साझेदारी को लेकर कंपनी प्रबंधन के साथ सकारात्मक बातचीत की।

मुख्यमंत्री ने इस मुलाकात की जानकारी देते हुए अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, "स्पेन यात्रा के दौरान बार्सिलोना स्थित सबमर कंपनी के मुख्यालय का दौरा किया गया। कंपनी के साथ मध्यप्रदेश में संभावित निवेश और रणनीतिक साझेदारी को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। यह सहयोग प्रदेश के डिजिटल बुनियादी ढांचे को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।"

### वस्त्र उद्योग में इन्डिटेक्स से सहयोग की संभावना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इससे पूर्व स्पेन के ए कोरोना शहर में विश्वप्रसिद्ध परिधान कंपनी इन्डिटेक्स के मुख्यालय का भी दौरा किया। वहां उन्होंने जोस एम. रोमाय, मार्ता फ्रांकोस रेय और कंपनी की वरिष्ठ टीम के साथ मध्य प्रदेश के वस्त्र क्षेत्र में निवेश और साझेदारी की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

डॉ. यादव ने कहा कि धार जिले में बन रहे प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल क्षेत्र और परिधान पार्क (पीएम मित्रा पार्क) में परिधान इकाइयों की स्थापना के लिए व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार इन्डिटेक्स को हरसंभव सहयोग देगी और नई औद्योगिक एवं निर्यात नीति के अंतर्गत अनुकूल वातावरण प्रदान किया जाएगा।



### पर्यावरणीय मूल्यों और स्वच्छ ऊर्जा की ओर प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री ने इन्डिटेक्स के साथ दीर्घकालिक साझेदारी की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा, "राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व और सुशासन (ईएसजी) जैसे मूल्यों को प्राथमिकता देती है। जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और श्रमिकों के अधिकारों को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। हमारी नीतियां इन्डिटेक्स की सतत और जिम्मेदार नीति के अनुरूप हैं।" उन्होंने आगे कहा कि मध्यप्रदेश नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयास कर रहा है, ताकि कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई जा सके और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य अग्रणी बन सके।

# तेंदुए का हमला, चार दिन में 3 को शिकार बनाया, खौफ में जी रहे लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर जिले के महू और मानपुर क्षेत्र के जंगलों में बीते चार दिनों से तेंदुए का आतंक बना हुआ है। इन दिनों हो रही बारिश के कारण जंगलों में हरियाली तेजी से फैल गई है, जिसके चलते आसपास के किसान अपने मवेशियों को चरने के लिए जंगल में भेज रहे हैं। लेकिन इसी हरियाली की लालच में अब मवेशियों की जान खतरे में पड़ गई है। वन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार बीते चार दिनों में तेंदुए ने तीन मवेशियों को अपना शिकार बनाया है। इनमें दो गाय और एक बछड़ा शामिल हैं। अब तक केवल एक गाय का शव बरामद किया गया है, बाकी दो के न तो शव मिले हैं और न ही उनके अवशेष।



### घसीटे जाने के मिले निशान, बाकी मवेशियों की तलाश जारी

तेंदुए द्वारा शिकार बनाए गए तीन मवेशियों में से एक गाय का शव तो मिल गया, लेकिन दूसरी गाय और बछड़े की खोज अब भी जारी है। वन विभाग को जंगल की जमीन पर घसीटे जाने के निशान जरूर मिले हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि तेंदुआ उन्हें अपने साथ ले गया है। हालांकि शव या अन्य अवशेष अब तक बरामद नहीं हुए हैं। वनकर्मियों का कहना है कि इस घनी हरियाली में तलाश करना बेहद जोखिम भरा है और किसी भी वक्त तेंदुए का सामना हो सकता है, इसलिए पूरी सतर्कता के साथ तलाशी अभियान जारी है।

### पोस्टमार्टम से तय होता है मुआवजा

तेंदुए द्वारा मारे गए मवेशियों के लिए किसानों को मुआवजा दिया जाता है, जो पोस्टमार्टम रिपोर्ट (पीएम रिपोर्ट) के आधार पर तय होता है। पोस्टमार्टम से मवेशी की उम्र की पुष्टि होती है और उसी हिसाब से मुआवजे की राशि तय की जाती है। यदि गाय मरी है तो उसकी उम्र के अनुसार किसान को 20,000 से 25,000 रुपये तक का मुआवजा मिलता है। वहीं अगर बछड़ा करीब 3 साल या उससे कम उम्र का है तो मुआवजा 8,000 मिलता है।


# इंदौर का स्वच्छता मॉडल बना पूरे विश्व की प्रेरणा

## 50 से ज्यादा देशों ने सीखे स्वच्छता के मंत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** पिछले कई वर्षों से 'स्वच्छ सर्वेक्षण' में सबसे साफ शहर बनकर उभरा इंदौर अब वैश्विक स्तर पर स्वच्छता के लिए जाना जाने लगा है। इसके सख्त सफाई और कचरा प्रबंधन नीतियों ने इसे एक अंतरराष्ट्रीय केंद्र भी बना दिया है, जहां दुनियाभर के देश अपने प्रतिनिधियों को भेजकर इसकी प्रणाली सीखने की प्रेरणा पा रहे हैं। कुछ साल के अंदर कई दल इंदौर आ चुके हैं और उन्होंने यहां से सीखी स्वच्छता की बातों को अपने देशों में भी लागू किया है। अब तक देश के अलग अलग शहरों के 100 से अधिक प्रतिनिधि स्वच्छता मॉडल को देखने के लिए आ चुके हैं। दुनियाभर के 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भी यहां पर आकर स्वच्छता के गुर सीख चुके हैं। फ्रांस से लेकर फिजी और जाम्बिया तक के देशों ने इंदौर के सफाई मॉडल पर विश्वास दिखाया है। देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों ने इसकी उत्कृष्टता को सराहा और उसे सीखने की इच्छा जताई है, जो स्वच्छ भारत और ग्लोबल सिटी मॉडल की दिशा में एक मजबूत कदम है। साल 2023 में इंदौर में प्रवासी भारतीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान दुनियाभर के देशों से लोग इंदौर आए। यहां पर सभी के लिए स्वच्छता आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। विदेशी दलों को नगर निगम की टीम पर्यटन स्थलों के साथ में स्वच्छता के मुख्य केंद्रो पर भी ले गई। बांग्लादेश के ज्वाइंट सेक्रेटरी निरोद चंद्र मंडल के नेतृत्व में 13 बांग्लादेशी प्रतिनिधियों का दल इंदौर आया। इन्होंने शहर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी इकट्ठा की। इसके साथ ही सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम को भी समझा बारीकी से समझा।





### विदेशी प्रतिनिधिमंडल आए

22 सदस्यीय विदेशी टीम इंदौर आई। यह 6 अलग-अलग देशों से थी। इन्होंने इंदौर के बायो-CNG संयंत्र, घर-घर कूड़ा संग्रह, कंपोस्टिंग समाधान और सफाई स्टाफ की प्रशिक्षण विधियों का ज्ञान साझा किया। इस टीम में यह देश शामिल थे...

- फ्रांस (France)
- उरुग्वे (Uruguay)
- फिजी (Fiji)
- जाम्बिया (Zambia)
- ग्वाटेमाला (Guatemala)
- होंडूरस (Honduras)

### प्रदेशों ने भी भेजे अपने दल

उत्तर प्रदेश का एक दस-सदस्यीय दल जिसमें "Safai Mitra" एवं राज्य के अधिकारी शामिल थे, नवंबर 2022 में इंदौर आया। उन्होंने इंदौर की बायो-CNG संयंत्र सुविधा को समझा और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मॉडल की पूरी जानकारी ली और अपनी नगरपालिकाओं में इसके मॉडल को लागू करने की योजना बनाई। हैदराबाद की मेयर और 40 GHMC निगम सदस्य सितंबर 2024 में आए, ताकि इंदौर के door-to-door collection, स्रोत पर कचरा विभाजन (segregation), और सफाई कर्मचारियों के सशक्त बनावट मॉडल को सीख सकें।

इन सभी दलों ने इंदौर के कई पहलुओं को समझा, जिनमें मुख्य रूप से यह बातें शामिल थी...

- wet waste से bio-CNG उत्पादन, बायो-CNG संयंत्र (Asia's largest)
- dry waste का पुनः उपयोग
- 100% door-to-door कचरा संग्रह
- होम कंपोस्टिंग टेक्निक
- zero-landfill नीति
- सफाई संगठनों (Safai Mitras) की कार्यप्रणाली
- 'Reduce-Reuse-Recycle' मॉडल

## घर-घर से कचरा बटोरने और निपटान में अहमदाबाद 4 अंक पीछे रहा




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वच्छता की प्रीमियर लीग में भी इंदौर शीर्ष पर रहा। इंदौर के सबसे ज्यादा नंबर घर-घर कचरा संग्रहण व उसके निपटान में ही आए। इंदौर को इस श्रेणी में 98 प्रतिशत अंक मिले, जबकि अहमदाबाद शहर इंदौर से चार अंक पीछे रहा। उसे 94 प्रतिशत अंक मिले। सूरत को 92 प्रतिशत अंक मिले।**

पिछले साल सूरत डोर टू डोर कचरा संग्रहण व निपटान कैटेगरी में इंदौर के बराबर अंक लाया था, इस बार पिछड़ गया। शहरी विकास मंत्रालय ने सिटी रिपोर्ट कार्ड में इस श्रेणी के अंक ही जारी किए। अन्य अंकों में भी इंदौर शीर्ष पर रहा। सभी शहरों को 12500 अंकों में से नंबर दिए गए। प्रीमियर लीग से बाहर के शहरों की रैंकिंग इसी आधार पर रही, लेकिन रैंकिंग में पहला स्थान पाने वाला अहमदाबाद शहर भी डोर टू डोर कचरा संग्रहण में इंदौर से पीछे ही रहा। स्वच्छता लीग में इंदौर के बाद सूरत और फिर नवी मुंबई रहा। टॉप फाइव में विजयवाड़ा और नोएडा ने भी जगह बनाई। रैंकिंग में अहमदाबाद को 12500 में से 12079 अंक मिले, जबकि दूसरे नंबर पर रहे भोपाल को 12067 अंक मिले।

## इंदौर में मना स्वच्छता का जश्न, हुई आतिशबाजी, फिर की परिसर की सफाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर एक बार फिर स्वच्छता में सिरमौर बना है। स्वच्छता सुपर लीग में शीर्ष पर रहने की घोषणा होने पर इंदौर में जश्न का दौर शुरू हो गया। नगर निगम परिसर में सफाईकर्मियों व नगर निगम कर्मचारियों ने ढोलक की थाप पर नाच गाकर खुशियां मनाई। एक दूसरे का मुंह मीठा किया। इसके अलावा आतिशबाजी भी हुई।**

इंदौर स्वच्छता लीग में शीर्ष पर है। इसका अंदाजा पहले ही लग चुका था। इसके चलते बुधवार शाम को नगर निगम परिसर में जश्न की तैयारियां शुरू हो गई थी। टेंट के अलावा मंच भी लगाए गए थे। गुरुवार सुबह 11 बजे जैसे ही पुरस्कारों की घोषणा हुई तो नगर निगम कर्मचारी खुशी से झूम उठे। महिला सफाईकर्मी ने भी ढोलक पर मटकी की धून बजवा कर नृत्य किया। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई। महिला सफाईकर्मी ममता ने कहा कि सफाई करने में चुनौतियां तो बहुत आती है, लेकिन इंदौर को हम अपना घर समझते है। हमेशा यहीं भाव रहता है कि शहर में रहने वाले परिवारों को हमें स्वस्थ रखना है। प्रभारी महापौर राजेंद्र राठौर ने कहा कि इंदौर तो स्वच्छता में नंबर वन हमेशा रहेगा। अब दूसरे शहरों को भी मदद करेंगे। वाराणसी में भी इंदौर के अफसर गए और सफाई को लेकर टिप्स दिए। कई महिला सफाईकर्मी इंदौर में सड़क साफ करने के बाद रंगोली भी बनाती है। स्वच्छता परिणाम आने के बाद निगम परिसर में स्वच्छता की बड़ी रंगोली महिला सफाईकर्मियों ने मिलकर बनाई। जश्न मनाने के दौरान परिसर में जो कचरा फैला, उसे भी सफाईकर्मियों ने जश्न समाप्त होते ही उठा लिया और परिसर साफ कर दिया।



## आईआईएम ने शुरू किया कोर्स, देशभर से आ रहे अधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर आईआईएम द्वारा शुरू की गई पहल अन्वेषण से देशभर में स्वच्छता के लिए जागरूकता बढ़ रही है। अन्वेषण आईआईएम इंदौर द्वारा चलाया जा रहा कोर्स है जिसमें देशभर के निगम आयुक्त और वरिष्ठ अधिकारी स्वच्छता से जुड़ी ट्रेनिंग लेते हैं। अपशिष्ट प्रबंधन और वॉश (WASH: Water, Sanitation and Hygiene - जल, स्वच्छता और सफाई) पर केंद्रित अन्वेषण की कई बैच निकल चुकी हैं। चार दिवसीय कार्यक्रम में देश के कई राज्यों के नगर निगम आयुक्त और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होते हैं। अन्वेषण की यह बैच अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता के माध्यम से देशभर के अधिकारियों को एक मंच पर लाने का काम करती है। आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्राप्त ज्ञान और अंतर्दृष्टि का उपयोग कर सभी अधिकारी अपने संबंधित शहरों में स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को लागू कर रहे हैं। इससे स्वच्छ भारत अभियान में महत्वपूर्ण योगदान हो रहा है।

## इंदौर से मुंबई वंदे भारत ट्रेन की मांग की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर से आठ बार सांसद और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने एक बार फिर इंदौर से मुंबई के बीच वंदे भारत ट्रेन शुरू करने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर यातायात का दबाव बहुत अधिक है और वर्तमान में केवल दो ट्रेनें अवंतिका एक्सप्रेस (प्रतिदिन) और दुरंतो एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन) ही संचालित हो रही हैं, जो पर्याप्त नहीं हैं। महाजन ने सुझाव दिया कि इस व्यस्त रूट पर वंदे भारत या अन्य किसी तेज रफ्तार यात्री ट्रेन की सेवा शुरू की जाए। यदि त्वरित रूप से वंदे भारत शुरू करना संभव नहीं हो तो दुरंतो एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाया जाए और इसके समय में भी सुधार किया जाए, ताकि यात्रियों को अधिक सुविधा मिल सके। गौरतलब है कि महाजन ने फरवरी 2024 में भी रेल मंत्री को इसी विषय पर पत्र लिखा था। उस पत्र में उन्होंने बताया था कि बीते 39 वर्षों से इंदौर और मुंबई के बीच अवंतिका एक्सप्रेस प्रतिदिन चल रही है जबकि दुरंतो एक्सप्रेस केवल रविवार और शुक्रवार को चलती है। महाजन ने तर्क दिया कि इस रूट पर फ्लाइट्स और 40 से अधिक बसें हर दिन चलती हैं, जिससे साफ जाहिर होता है कि यात्रियों की संख्या बहुत ज्यादा है। ऐसे में रेलवे को तेज गति की सेवा जैसे वंदे भारत ट्रेन शुरू करनी चाहिए या दुरंतो को सप्ताह में कम से कम चार दिन चलाना चाहिए।



# पत्नी सोनम और साथियों पर गहराया शिकंजा

## शिलोम जेम्स की जमानत पर रोक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में गिरफ्तार प्रॉपर्टी डीलर शिलोम जेम्स की जमानत याचिका पर शिलांग की एक अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। शिलोम जेम्स को सोहरा में राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। सुनवाई के दौरान आरोपी की ओर से अधिवक्ता देवेश शर्मा ने जमानत की मांग की, जबकि लोक अभियोजक तुषार चांदा ने इसका विरोध किया। अधिकारियों के अनुसार, बहस के




बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। सूत्रों के मुताबिक, जांच में पता चला है कि शिलोम जेम्स के पास से मृतक की पत्नी सोनम के गहने और एक पिस्तौल मिली है। यह भी सामने आया है कि हत्या के बाद सोनम कुछ समय के लिए शिलोम के देखरेख वाले किराए के फ्लैट में छिपी थी। इस मामले में दो और आरोपी फ्लैट के मालिक लोकेन्द्र सिंह तोमर और सिक्योरिटी गार्ड बलबीर अहिरवार उर्फ बलिया को पहले ही जमानत मिल चुकी है। इन दोनों पर सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप है। गौरतलब है कि इंदौर के व्यापारी राजा रघुवंशी ने इसी वर्ष मई में सोनम से विवाह किया था। दोनों हनीमून के लिए मेघालय गए थे, जहां से वे लापता हो गए। कुछ दिनों बाद राजा रघुवंशी का रक्तरंजित शव सोहरा की एक गहरी खाई से बरामद हुआ था। सोनम को 9 जून को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर स्थित एक ढाबे से गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके चार अन्य साथियों को इंदौर से पकड़ा गया था। पुलिस के अनुसार, इन सभी पर राजा रघुवंशी की हत्या की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का आरोप है। सोनम की उम्र 24 वर्ष बताई गई है।

## आबकारी विभाग ने डेढ़ लाख रुपए से अधिक की शराब और वाहन किए जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। जिले में कलेक्टर आशीष सिंह के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में विगत दिवस इंदौर के बायपास क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एक दोपहिया वाहन पर परिवहन कर ले जाई जा रही 2 पेटी देशी मदिरा बरामद की गई। मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी अरुण तड़वी पिता गणेश के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबध्द किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाजार मूल्य लगभग एक लाख रुपए है।

इसी प्रकार आबकारी की टीम के द्वारा एमआर 9 रिंग रोड क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दोपहिया वाहन पर परिवहन कर ले जाई जा रही 100 पाव देशी मदिरा प्लेन बरामद की गई। बरामद की गई मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी राजेश पिता हनु कुशवाह के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबध्द किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाजार मूल्य लगभग 57500 रुपए है। इंदौर आबकारी की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# प्रदेश में पहली बार साकार होगी 'ऑक्सीजन गार्डन' की संकल्पना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत देशभर में 141 करोड़ पौधे लग चुके है। श्री मोदी के आव्हान पर यह अभियान लगातार जारी है। इस दिशा में मध्यप्रदेश सरकार के नेतृत्व में इस अभियान का संकल्प धरातल पर तेजी से आकार ले रहा है। अभियान के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा और मार्गदर्शन तथा जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की सक्रिय पहल पर प्रदेश में पहली बार 'ऑक्सीजन गार्डन' की संकल्पना साकार होने जा रही है।

इंदौर के कनाडिया क्षेत्र स्थित गुलमर्ग परिसर के पीछे 11 एकड़ पहाड़ी क्षेत्र पर इस विशाल हरित परियोजना की शुरुआत की जाएगी। इस संबंध में मंत्री श्री सिलावट द्वारा अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थल का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उक्त क्षेत्र को एक प्रमुख पर्यावरणीय केंद्र के रूप में



विकसित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर नगर नगम आयुक्त शिवम वर्मा, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, इंदौर जनपद अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और अधिकारीगण मौजूद थे। इस पहाड़ी क्षेत्र पर लाखों की संख्या में नीम, पीपल, बरगद, अशोक, आम, महुआ, रेन ट्री, जामुन, उंबर सहित अन्य औषधीय एवं छायादार प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे। यह ऑक्सीजन गार्डन न केवल नागरिकों को शुद्ध वायु उपलब्ध कराएगा, बल्कि यह क्षेत्र पक्षियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों के आगमन से यह स्थल एक प्राकृतिक 'पक्षी विहार' और पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित होगा। पौधों की सिंचाई हेतु गुलमर्ग परिसर के ट्रीटमेंट प्लांट से पाइपलाइन बिछाकर जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी मंत्री श्री सिलावट द्वारा दिए गए हैं। इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देते हुए इसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसमें पद्मश्री एवं पद्मभूषण सम्मानित नागरिक, व्यापारी संगठन, समाजसेवी, धर्मगुरु, किसान संगठन, जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजनों की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

यह ऐतिहासिक पहल आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर श्री सिलावट ने कनाडिया स्थित गौशाला का निरीक्षण भी किया और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए निर्देशित किया।

## हथियार डिलीवरी से पहले युवक धराया

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने एक युवक को अवैध हथियारों के साथ पकड़ा है। आरोपी के पास से 4 पिस्टल बरामद हुई हैं, जिन्हें वह डिलीवरी के लिए लेकर आया था।**

आरोपी की पहचान राहुल पिता पप्पू जोशी निवासी बिड़ला नगर, ग्वालियर के रूप में हुई है। वह भंवरकुआं और राजेंद्र नगर के बीच हथियारों की डिलीवरी करने जा रहा था। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि रीजनल पार्क के पास हथियारों की डिलीवरी होने वाली है। टीम ने मौके पर दबिश दी और राहुल को संदिग्ध हालात में पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके बैग से 4 पिस्टल मिलीं। पूछताछ में राहुल ने बताया कि वह इंदौर में पिस्टल डिलीवरी करने आया था। फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि उसने ये हथियार कहां से खरीदे और इन्हें किसे देने वाला था। अधिकारी जल्द मामले का खुलासा करेंगे।

## जब कांग्रेस सांसद ने कहा सफाई सीखनी है तो इंदौर जाइए, यूरोप नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर का स्वच्छता का डंका न सिर्फ देश में बल्कि दुनियाभर में बजता है। भारत में ही हर पार्टी के नेता इंदौर की स्वच्छता के गुर सिखाने के लिए अपने दल भेजते रहते हैं। समय समय पर देशभर के जनप्रतिनिधि इंदौर की तारीफ भी करते रहते हैं। इस साल मार्च में चेन्नई का विशेष दल स्वच्छता के गुर सीखने यूरोप जा रहा था। कांग्रेस के सांसद कार्ति चिदंबरम इस पर नाराज हो गए और कहा कि चेन्नई नगर निगम के अधिकारियों को कचरा प्रबंधन के गुर सीखने के लिए यूरोप क्यों जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सबसे पहले इंदौर का दौरा किया जाना चाहिए।**

पिछले महीने इंदौर आई रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने इंदौर में दो दिवसीय कार्यक्रम में स्वच्छता की बारीकियां सीखी। यहां से लौटने के बाद रायपुर की स्वच्छता और विकास के लिए कई ठोस कदमों की घोषणा की। महापौर ने बताया कि इंदौर से मिले अनुभव और मॉडल को रायपुर में अपनाकर शहर को स्वच्छता के मामले में नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास किया जाएगा। महापौर चौबे ने कहा कि रायपुर में इंदौर की तरह सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए आमजन को जागरूक किया जाएगा। इसमें एनजीओ की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही शहर के सभी 10 जोनों में आरआरआर (रियूज, रिड्यूस, रिसाइकल) केंद्र खोलकर उनके प्रभावी संचालन के लिए एनजीओ के सहयोग से रणनीति बनाई जाएगी। भागलपुर की महापौर वसुंधरा लाल ने अपने शहर के सफाई कर्मचारियों को इंदौर भेजा ताकि वे वहां की सफाई व्यवस्था को समझकर भागलपुर में लागू कर सकें। वसुंधरा ने कहा कि इंदौर में सफाई व्यवस्था की ट्रेनिंग लेकर आने के बाद सफाई कर्मचारियों को और अधिक कुशल बनाया गया, जिससे शहर को स्वच्छ और हाईटेक बनाया जा रहा है। हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि फरीदाबाद और करनाल को स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा। साथ ही कहा कि प्रदेश के मेयर और पार्षदों को इंदौर जाकर योजनाओं और मॉडल का अध्ययन करना चाहिए, ताकि हरियाणा के शहरों में भी उसी प्रकार के मॉडल लागू किए जा सकें।

# देश में कम दर पर ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा देना होगा : मंत्री श्री राजपूत

## पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ऊर्जा वार्ता बैठक में शामिल हुए खाद्य मंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा है कि हमे देश में कम दर पर ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा कि विकसित देशों में इन्टीग्रेटेड एप्रोच अपनाने से प्रोडक्टिविटी बढ़ती है और ऊर्जा की लागत तुलनात्मक रूप से कम आती है। ऐसे ही उपाय अपनाना चाहिए, ताकि कम दर पर ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा मिल सके।**



श्री राजपूत ने नई दिल्ली में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आयोजित ऊर्जा वार्ता बैठक में यह बात कही। केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में देश के सभी राज्यों के उद्योग एवं खाद्य मंत्री शामिल हुए। मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री राजपूत ने मध्यप्रदेश में जैव ऊर्जा योजना 2025 का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार ने 280 करोड़ रूपये के निवेश से 12 जैव ईंधन परियोजनाओं को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में लगातार नये नये उद्योग लगाने के प्रयास कर रहे हैं। श्री राजपूत ने बताया कि मध्यप्रदेश में शहरी गैस वितरण नीति-2025 लागू की गई है। इसमें आगामी 6 से 8 वर्षों के बीच 55 जिलों में घरों तक पाईप के माध्यम से प्राकृतिक गैस और सीएनजी स्टेशनों के माध्यम से वाहनों में सीएनजी फिलिंग करने की योजना है। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि मध्यप्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में हरित हाईड्रोजन के एमओयू साइन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने 2028 तक एक हरित परियोजना चालू करने का लक्ष्य रखा है। श्री राजपूत ने कहा कि हमने राज्य में 2025 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रणयुक्त ईंधन उपयोग करने का लक्ष्य रखा है।

## बेटी से किया दुष्कर्म, गर्भवती होने पर करतूत उजागर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** मझौली थाना क्षेत्र में एक पिता ने अपनी ही पुत्री को हवस का शिकार बनाया। 14 वर्षीय पुत्री गर्भवती हुई तो पिता की करतूत से पर्दा हटा। मामले में पुलिस ने आरोपित पिता के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला रजिस्टर किया है। पीड़िता का परिवार ईंट भट्टा में मजदूरी करता है। उनका कार्यस्थल के पास ही एक कच्चा घर है। जहां पर पीड़िता अपने माता-पिता और छोटे भाई-बहन के साथ रहती है। जब बालिका घर पर अकेली थी, तब पिता ने उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी को कुछ न बताने के लिए धमकाया। लोकलज्जा और भय के कारण बालिका चुप रही। जिसके बाद पिता का दुस्साहस और बढ़ गया। कुछ दिनों पहले उसे पेट में अचानक तेज दर्द उठा। आराम नहीं मिलने पर परिजन उसे मेडिकल अस्पताल लेकर गए। जहां जांच में उसके गर्भवती होने का पता चला। पूछताछ की गई तो उसके गर्भ में पल रहे पिता के पाप का पता चला। आरोपित ने पिता ने इस वर्ष जनवरी माह में पहली बार पुत्री के साथ जबरन संबंध बनाया। बालिका ने विरोध किया तो पिता ने दोबारा गलती नहीं करने का बोला। मार्च माह में बालिका के रिश्ते के नाना का निधन हो गया। जहां, उसकी मां और भाई-बहन गए। घर में वह अकेली थी। तब बालिका को अकेला पाकर पिता ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। वह गर्भवती हो गई।

## शिक्षक ने छात्रों पर कुरान पढ़ने का बनाया दबाव, गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** शहर के एक शासकीय माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक द्वारा भारत माता की तस्वीर जलाने का मामला सामने आया है। शिक्षक छात्रों पर कुरान पढ़ने के लिए दबाव भी बनाता था। उसने छात्रों को धमकाया था कि किसी को इस बारे में बताया तो वह उन्हें जान से मार देगा। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित शिक्षक को केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने उसे जेल भेजने के आदेश दिया। इसके बाद शिक्षा विभाग ने शिक्षक को निलंबित कर दिया है। झारड़ा थाना पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि उसका भतीजा नागपुरा स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में छठी कक्षा का छात्र है। भतीजे ने उसे बताया कि 11 जुलाई को स्कूल के शिक्षक शकील अहमद नागौरी ने छुट्टी के बाद विद्यार्थियों के सामने स्कूल में लगी भारत माता की तस्वीर को जला दिया और भगवान श्री गणेश व देवी सरस्वती की तस्वीरों को भी तोड़ दिया। शिक्षक ने छात्रों को धमकाया था कि इसके बारे में किसी को बताया तो वह उन्हें जान से मार देगा। इसके बाद कुछ लोगों ने स्कूल परिसर में भारत माता की अधजली तस्वीर देखी तो मामला पुलिस तक पहुंचा। हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने झारड़ा थाने पहुंचकर हंगामा करते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपित शिक्षक 51 वर्षीय शकील अहमद नागौरी निवासी शफी मोहल्ला, महिदपुर के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया था। यहां से उसे जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए।



## धंसी रोड, बना 10 फीट का गड्ढा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में एक बार फिर बारिश में रोड धंसने का बड़ा मामला सामने आया है। इस बार घटना प्रदेश की राजधानी भोपाल की है जहां शहर के सबसे व्यस्ततम चौराहों में से एक एमपी नगर चौराहे के पास सड़क धंस गई। अचानक सड़क के धंसने से सड़क पर करीब 10 फीट का गड्ढा बन गया है। राहत की बात ये है कि सड़क धंसने से कोई हादसा नहीं हुआ। जो सड़क धंसी है वो पीडब्ल्यूडी की है और मौके पर पहुंचे एमपी नगर एसडीएम एलएल खरे ने कुछ ही घंटों में रोड को ठीक कराने की बात कही है।

### जांच रिपोर्ट में खुलासा

## सीएम प्रोटोकॉल गाड़ियों में पानी मिला डीजल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम में मुख्यमंत्री के प्रोटोकॉल से जुड़ी गाड़ियों में मिलावटी डीजल भरने का मामला अब जांच रिपोर्ट से स्पष्ट हो गया है। 27 जून को एमपी राइज 2025 कार्यक्रम के दौरान सीएम के प्रोटोकॉल में शामिल 19 इनोवा कारें डोसीगांव स्थित भारत पेट्रोलियम के मेसर्स शक्ति फ्यूल्स पाइंट से डीजल भरवाने के बाद बंद हो गई थीं। रतलाम जिला प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप को सील कर तीन डीजल सैंपल लिए, जिन्हें बीपीसीएल लैब मांगलिया भेजा गया। अब आई जांच रिपोर्ट में डीजल में पानी की मिलावट की पुष्टि हुई है। पंप संचालक शक्ति बुंदेल और पंप मैनेजर अमरजीत डाबर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच में पाया गया कि पंप के डीजल टैंक में 197.43 लीटर पानी मौजूद था, और स्टॉक में 720 लीटर का अंतर मिला। घटना के बाद से पेट्रोल पंप अब तक बंद है और आगे की कार्रवाई पुलिस के हाथों में है। बता दें कि 26, जून की रात सीएम के काफिले में शामिल होने के लिए प्राइवेट गाड़ियां इंदौर से रतलाम आई थीं। डोसीगांव में स्थित भारत पेट्रोलियम के मेसर्स शक्ति फ्यूल्स पाईंट पर 19 इनोवा कारों में एक साथ डीजल भराया। डीजल भराने के बाद कारे कुछ दूरी तक ही चली और बंद हो गई। इन सभी को धक्का मारकर पेट्रोल पंप पर लाकर खड़ा किया था। जब प्रशासन को इस बारे में जानकारी लगी तो हड़कंप मच गया।

## मप्र में विधायकों के लिए बनेंगे नए फ्लैट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के विधायकों के लिए राज्य सरकार फ्लैट बनाएगी। विधायकों के लिए 102 फ्लैट बनाने के फैसले को कैबिनेट ने दस महीने पहले मंजूरी दी थी और अब 21 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इन फ्लैट्स के लिए भूमिपूजन करेंगे। इनका निर्माण लोक निर्माण विभाग की देखरेख में कराया जाने वाला है, जिसके लिए विभाग के अफसरों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। नए बनने वाले फ्लैट्स में एक विधायक को तीन हजार वर्गफीट एरिया में तीन बेडरूम, एक हॉल और किचन समेत ओपन एरिया भी मिलेगा। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह ने कहा कि स्पेन से लौटने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विधायक विश्राम गृह परिसर में बनने वाले विधायकों के फ्लैट्स के लिए भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद इसका काम शुरू हो जाएगा। इसकी निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग ही है। सिंह ने कहा कि अभी विधायक विश्राम गृह में विधायकों को जो कक्ष आवंटित किए जा रहे हैं, वह पर्याप्त स्पेस वाले नहीं हैं। विधायकों से मिलने वालों के हिसाब से यह जगह कम पड़ती है। नए आवास बनाने में इसका विशेष तौर पर ध्यान रखा गया है कि विधायकों की निजता और उनके क्षेत्र के लोगों के साथ संवाद के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जाए।

# बांग्लादेश का अब्दुल भोपाल में कई साल से किन्नर बनकर रह रहा था, दस्तावेज भी बनवाए, नाम नेहा रखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** बांग्लादेशी अवैध रूप से भारत में घुसकर यहां पहचान छिपाकर रह रहे हैं। इसी तरह का एक बांग्लादेशी अवैध रूप से भोपाल में रहते हुए पकड़ा गया है। बांग्लादेश का निवासी अब्दुल कलाम भोपाल में किन्नर बनकर वर्षों से रह रहा था। अब्दुल खुद का नाम नेहा किन्नर रखा था, वह इस नाम से पहचान पत्र भी बनवा चुका है और उसी का उपयोग कर वह खुद को भारतीय बताता था। केंद्र सरकार द्वारा बांग्लादेश के अवैध घुसपैठियों की तलाश शुरू की गई, तब भोपाल में अब्दुल कलाम के छिपे होने का खुलासा हुआ। अब अब्दुल कलाम को डिपोर्ट किए जाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। वह बुधवारा क्षेत्र में रहता था। उसके खिलाफ तलैया पुलिस ने कार्रवाई की है। फिलहाल, वह भोपाल पुलिस की सुरक्षा में रह रहा है। खुलासा हुआ है कि अब्दुल जांच एजेंसियों से बचने के लिए किन्नर बनकर राजधानी में घूमता रहता था। यह कार्रवाई इंटेलीजेंस यूनिट द्वारा की गई है। पहचान छिपाने के लिए उसने लड़की का भेष बना रखा है और अपना नाम भी नेहा रखा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बांग्लादेशी नागरिक अब्दुल को भोपाल के बुधवारा इलाके से पकड़ा गया है। उसका असली नाम अदुल कलाम है। वह भोपाल में नेहा के नाम से रह रहा था। चोरी छुपे भोपाल में वह कई साल से रह रहा था। वह किन्नर बनकर शहर में यहां-वहां निकलता था। अदुल कलाम उर्फ नेहा ने बकायदा फर्जी तरीके से परिचय-पत्र भी बनवा लिया था। इसके संबंध में भी अंदरखाने पड़ताल की जा रही है। क्योंकि वह परिचय पत्र बनाने में कैसे सफल हो गया, बड़ा सवाल है। उससे लगभग भोपाल पुलिस पूछताछ कर रही है। पूछताछ भी बेहद गोपनीय तरीके से की जा रही है।

### विशेष निगरानी में है अब्दुल कोई नहीं मिल सकता

अदुल के मोबाइल कॉल रिकॉर्ड की भी जांच भी इंटेलीजेंस यूनिट कर रही है। उसके मोबाइल को जब्त कर सायबर क्राइम की मदद से चौटिंग से लेकर बातचीत की जानकारी जुटाई जा रही है। उसके जिन लोगों के साथ संपर्क थे, उनसे भी क्राइम ब्रांच में एक स्पेशल टीम अलग से पूछताछ कर रही है। अब्दुल कलाम के भोपाल में होने की जानकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों को भी भेज दी गई है। अदुल कलाम को तलैया थाने में रखा गया है। थाना प्रभारी के अलावा दो महिला आरक्षकों को ही आने-जाने की अनुमति है।

### खुद को महिला बताता है, इसलिए महिला आरक्षक तैनात

पुलिस सूत्रों ने बताया कि वह पुरुष है, लेकिन वह वर्षों से महिला किन्नर के भेष में छिपा था। वह हावभाव भी महिलाओं जैसा दिखाता है, इसलिए महिला आरक्षकों को भी तैनात किया गया है। उसने भारत आने और अपने अन्य साथियों के भी संबंध में जानकारी दी है। इस मामले में पुलिस के आला अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। अधिकारियों का तर्क है कि समय-समय पर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। जब तक पूरी जांच नहीं हो जाती, कुछ नहीं कहा जा सकता।

# संपादकीय

## इंडिया गठबंधन की एकजुटता का भी इम्तहान होगा

संसद के आगामी मानसून सत्र से ठीक पहले विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने अपनी रणनीति मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में आगामी 19 जुलाई को दिल्ली में एक अहम बैठक बुलाई गई है, जिसमें संसद के भीतर एकजुट विपक्ष की रणनीति और सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक का आयोजन वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे के आवास 10 राजाजी मार्ग पर किया जाएगा। इसमें कांग्रेस, आरजेडी, शिवसेना यूबीटी, एसपी, एनसीपी--एसपी, लेफ्ट दलों समेत कई विपक्षी दलों के नेता शामिल होंगे। हालांकि आप और टीएमसी की भागीदारी को लेकर संशय बना हुआ है। यह बैठक न सिर्फ संसद सत्र की रणनीति तय करने के लिहाज से अहम मानी जा रही है, बल्कि यह भी तय करेगी कि इंडिया गठबंधन विपक्ष की ताकत व एकजुटता का प्रतीक बन पाएगा या नहीं। बैठक में बिहार की विवादित मतदाता सूची, पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर को अचानक रोके जाने, और अमेरिका द्वारा ट्रंप के कथित मध्यस्थता दावे जैसे संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। विपक्षी दल इन विषयों को संसद में मजबूती से उठाने के लिए साझा रणनीति बनाना चाहते हैं। कांग्रेस की कोशिश है कि क्षेत्रीय दलों के मुद्दों को भी राष्ट्रीय बहस में शामिल किया जाए, ताकि गठबंधन की आवाज ज्यादा प्रभावी हो सके। कहा जा रहा है कि राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की इसमें शामिल हो सकते हैं। वहीं कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी के आने की उम्मीद जताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि यह बैठक केवल सत्र की तैयारी भर नहीं, बल्कि इंडिया गठबंधन की एकजुटता का भी इम्तहान होगा। हाल ही में उद्धव ठाकरे और उमर अब्दुल्ला ने गठबंधन की नियमित बैठकों की कमी पर चिंता जताई थी। वहीं दूसरी ओर आप और टीएमसी जैसी प्रमुख सहयोगी दलों का बार-बार बैठक से दूर रहना विपक्षी एकता पर सवाल खड़े कर रहा है। आप ने पहलगाम हमले पर पीएम मोदी को भेजे गए विपक्ष के संयुक्त पत्र पर दस्तखत नहीं किए और बाद में खुद अलग से पत्र लिखा। माना जा रहा है कि यह बैठक विपक्ष की एकजुटता और उसकी संसदीय रणनीति को नया आयाम दे सकती है। दरअसल, बजट सत्र के बाद राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसा घटनाक्रम हुआ, जिसे लेकर विपक्ष लगातार सरकार को घेरता रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर के बाद बनी स्थिति, बिहार वोटर लिस्ट, मोदी सरकार की विदेश नीति, चुनाव आयोग की भूमिका, अमेरिका द्वारा लगातार ट्रेड को लेकर धमकी, बीजेपी शासित राज्यों में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, बालासोर आत्मदाह मामला व एयर इंडिया हादसा, गुजरात में पुल गिरने जैसे तमाम मुद्दों को लेकर विपक्ष सरकार को घेरेगा।

### अर्ज़ किया है..!

*तिश्नगी के भी मक़ामात*
*हैं क्या क्या यानी*
*कभी दरिया नहीं काफ़ी*
*कभी क़तरा है बहुत*

*-कृष्ण बिहारी नूर*

## OSHO कहिन

**"आपकी ज़िंदगी का उद्देश्य क्या है? सिर्फ अपने असली स्व को पहचानना।"**



## महिला जगत

### कर्नाटक की अश्विनी गणपति ने रचा इतिहास

# 45 घंटे बिना नींद 173 किमी लगाई दौड़




कर्नाटक की अश्विनी गणपति ने यह साबित कर दिया कि हौसला, जुनून और आत्मविश्वास के सामने कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। 39 वर्ष की उम्र में उन्होंने जापान की सबसे कठिन रेस "डीप जापान अल्ट्रा 100 (Deep Japan Ultra 100)" को 45 घंटे बिना सोए, बर्फीले पहाड़ों और कठोर मौसम के बीच 173 किलोमीटर दौड़ कर पूरा किया। सबसे खास बात है कि वह इस दौड़ को पूरा करने वाली एकमात्र गैर जापानी प्रतिभागी बनीं। अश्विनी गणपति ने न सिर्फ एक रेस जीती, बल्कि दुनिया को दिखा दिया कि महिलाएं जब ठान लेती हैं, तो असंभव को भी संभव बना सकती हैं।

### ◆ कौन हैं अश्विनी गणपति?

अश्विनी जब स्कूल में थी तो फील्ड हॉकी खेला करती थीं। इस दौरान ही उन्हें अहसास हो गया था कि वह स्पीड से ज्यादा एंड्यूरेंस में बेहतर हैं। साल 2019 में अश्विनी ने अपनी पहली अल्ट्रा मैराथन रेस की। उन्होंने कर्नाटक में हुए 110 किलोमीटर की मलनाड अल्ट्रा में हिस्सा लिया तब उन्हें अहसास हुआ कि 100 किमी पार करने के बाद भी उनमें हिम्मत हैं। यहां से उन्होंने 100 मील का सफर तय करने का सपना देखना शुरू कर दिया। आईटी सेक्टर में 9 साल के सफल करियर के बाद अश्विनी ने कॉर्पोरेट की नौकरी छोड़ दी और अपना जीवन पूरी तरह एंड्यूरेंस कोचिंग और अल्ट्रा रनिंग को समर्पित कर दिया। उन्होंने कठिन ट्रेनिंग की, मानसिक रूप से खुद को मजबूत किया और अपने परिवार के समर्थन से ये सपना पूरा किया।

### ◆ अश्विनी गणपति की उपलब्धि

जापान में हुई 173 किलोमीटर की रेस को अश्विनी गणपति ने 45 घंटे लगातार दौड़ कर पूरा किया। इस रेस में 135 लोगों ने हिस्सा लिया था, जिसमें से 72 लोगों ने रेस पूरी की। इन 72 लोगों में अश्विनी एकलौती विदेशी महिला हैं। रेस पूरी करने के दौरान उन्होंने नींद पूरी नहीं की।9,000 मीटर की चढ़ाई के दौरान उन्होंने 8 किलो का बैग खुद उठाया। उनका स्थान टॉप 10 महिला फिनिशर में शामिल है। दौड़ के दौरान अश्विनी खुद का शुद्ध शाकाहारी भोजन साथ लेकर चलीं।

## Chhattisgarh

# भूपेश बघेल के घर ED का छापा, बेटे के खिलाफ शराब घोटाला केस में ऐक्शन

**रायपुर, (एजेंसी)** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के भिलाई स्थित आवास पर छापा मारा है। छापेमारी की यह कार्रवाई भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ कथित शराब घोटाले से जुड़े मामले में की जा रही है।

ईडी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के ठिकानों पर कथित शराब घोटाले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में एक बार फिर छापे मारे। अधिकारियों ने इस बार में जानकारी देते हुए बताया कि ईडी की टीम इस मामले



में नए सबूत मिलने के बाद मनी लॉन्ड्रिंग प्रिवेंशन ऐक्ट (पीएमएलए) के तहत भिलाई शहर में चैतन्य बघेल के घर की तलाशी ले रही हैं, जहां वह अपने पिता के साथ रहते हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इसी साल मार्च में चैतन्य बघेल के खिलाफ इसी तरह के छापे मारे थे। भूपेश बघेल ने शुक्रवार को इस संबंध में सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया, ''ईडी आ गई। आज विधानसभा सत्र का अंतिम दिन है। अडानी के लिए तमनार में काटे जा रहे पेड़ों का मुद्दा आज उठना था। भिलाई निवास में "साहेब" ने ईडी भेज दी है। (कार्यालय- भूपेश बघेल)'' ईडी ने पहले कहा था कि चैतन्य बघेल पर कथित शराब घोटाले की आपराधिक आय का 'प्राप्तकर्ता' होने का संदेह है।

## New Delhi

# जस्टिस यशवंत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में जांच रिपोर्ट को दी चुनौती

### महाभियोग से पहले दाखिल की याचिका




**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सरकारी आवास पर लगी आग के दौरान अकूत मात्रा में जले हुए नोट मिलने के मामले में आरोपी हाईकोर्ट जज जस्टिस यशवंत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. वर्मा ने अपनी अर्जी में सुप्रीम कोर्ट चीफ जस्टिस द्वारा नियुक्त आंतरिक जांच पैनल की रिपोर्ट को चुनौती दी है. वर्मा ने अपनी अर्जी में सुप्रीम कोर्ट की आंतरिक जांच कमेटी की रिपोर्ट को अमान्य करार देने की गुहार लगाई है. वर्मा ने अपनी याचिका में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना द्वारा प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को 8 मई को की गई सिफारिश रद्द करने की मांग की है जिसमें उनको पद से हटाने के लिए संवैधानिक कार्रवाई की कार्यवाही शुरू करने की बात कही गई है. गौरतलब है जस्टिस वर्मा ने यह याचिका संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले दाखिल की है, क्योंकि इसी सत्र में उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करने की कवायद जारी है. बता दें कि, दिल्ली हाईकोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास में होली की रात 14 मार्च को आग लग गई थी. उस वक्त वे और उनकी पत्नी भोपाल में थे. घर पर उनकी बेटी और बुजुर्ग मां मौजूद थीं. आग बुझाने पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने एक स्टोर रूम में नकदी से भरे बोरों में आग लगी हुई देखी. इसके बाद घटनास्थल से दो वीडियो सामने आने पर मामले ने तूल पकड़ा.

## New Delhi

# दिल्ली के 20 स्कूलों में सुबह-सुबह बम की धमकी, इस हफ्ते तीसरी बार आए थ्रेट ईमेल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में आज फिर 20 से ज्यादा स्कूलों में बम की धमकी सामने आई है. इनमें पश्चिम विहार इलाके का एक स्कूल, रोहिणी सेक्टर तीन के अभिनव पब्लिक स्कूल समेत शहर के कुल 20 से अधिक स्कूलों को धमकी भरा मेल आया है. धमकी मिलने के बाद से हड़कंप मच गया. जानकारी मिलते ही फायर विभाग और दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंच गए हैं और परिसरों की जांच शुरू कर दी है. अब तक दस से ज्यादा स्कूलों में जांच पूरी हो चुकी है. साथ ही अब दिल्ली पुलिस मेल के ओरिजिन की जांच में भी जुटी है. इस बीच दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना ने ट्वीट कर राजधानी में बच्चों की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने लिखा- आज 20 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिली हैं! जरा सोचिए, बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को कितना सदमा झेलना पड़ रहा होगा. दिल्ली में भाजपा के हाथ में शासन के चारों इंजन हैं, फिर भी वह हमारे बच्चों को कोई सुरक्षा नहीं दे पा रही है. ये स्तब्ध करने वाला है.

## Uttarpradesh

# यूपी पुलिस के हाथों मारा गया बच्ची से रेप के बाद हत्या का आरोपी, फर्रुखाबाद में सुबह-सुबह एनकाउंटर

**फर्रुखाबाद, (एजेंसी)** यूपी में शुक्रवार तड़के पुलिस ने फर्रुखाबाद में बड़ी कार्रवाई करते हुए बच्ची से रेप के बाद हत्या के आरोपी को एनकाउंटर में मार गिराया है। मनु नाम के इस आरोपी पर पुलिस ने 50 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। गोली लगने के बाद पुलिस मनु को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल ले गई थी। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बच्ची से रेप और हत्या की यह सनसनीखेज वारदात फर्रुखाबाद में पिछले महीने हुई थी। फर्रुखाबाद के कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की बच्ची मोहम्मदाबाद क्षेत्र में अपनी बुआ के घर आई थी । 27 जून को वह गांव के बाहर आम खाने गई थी जहां से एक शातिर ने उसे अगवा कर लिया था और रेप के बाद मार दिया था । बच्ची का शव 28 जून को मैनपुरी जिले के



भोगांव कोतवाली के देवीपुर गांव के खेत में पड़ा पाया गया था।

इसमें मेरापुर थाना क्षेत्र के पखना गांव निवासी मनु का नाम सामने आया था कैमरे जो खंगाले गए थे उसमें मनु के पीछे ही बच्ची जाती दिखाई दी थी। इसके बाद से पुलिस की टीम इस शातिर को तलाश रही थी शुक्रवार की भोर पुलिस से मुठभेड़ हो गई इसमें मनु मारा गया ।

## खेल

# फ्रीस्टाइल शतरंज में प्रज्ञानंद और एरिगैसी क्वार्टर फाइनल में, कार्लसन खिताब की दौड़ से बाहर

**लास वेगास, (एजेंसी) भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर अपने हम वतन अर्जुन एरिगैसी के साथ यहां चल रहे 750,000 डॉलर इनामी फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर के शीर्ष ब्रैकेट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।**

कार्लसन के लिए पिछले कुछ समय से भारतीय खिलाड़ियों से पार पाना मुश्किल रहा है। उन्हें कुछ सप्ताह पहले मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने भी हराया था जो इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। कार्लसन के खिलाफ 19 वर्षीय प्रज्ञानानंदा अपने पूरे रंग में थे। उन्होंने शुरू से ही अपने मोहरों को प्रभावी ढंग से तैनात किया। कार्लसन को कुछ मौके मिले, लेकिन प्रज्ञानानंदा ने कुछ शानदार चालों से उन्हें नाकाम कर दिया।




इस हार का कार्लसन पर इतना गहरा प्रभाव पड़ा कि वह अगले राउंड में वेस्ली सो के खिलाफ एक और गेम हार गए और चौथे स्थान के लिए हुए अंतिम टाइब्रेकर में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने उन्हें 2-0 से हराकर शीर्ष ब्रैकेट में खिताब की दौड़ से बाहर कर दिया। एरिगैसी दूसरे ग्रुप से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय थे। एरिगैसी को शुरुआत में कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा लेकिन बाद में उन्होंने लय हासिल करके अंतिम आठ में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में प्रज्ञानंदा का मुकाबला अमेरिका के फैबियानो कारूआना से होगा जबकि एरिगैसी को अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से भिड़ना होगा।

## सिनेमा

# किंगडम की रिलीज से पहले बिगड़ी विजय देवरकोंडा की तबीयत, अस्पताल में हुए भर्ती



साउथ के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की फिल्म किंगडम जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले विजय देवरकोंडा की तबीयत खराब होने के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खराब तबीयत के चलते विजय को फिल्म की प्रमोशनल एक्टिविटीज से ब्रेक लेना पड़ा है। एंटरटेनमेंट एएफ की खबर के मुताबिक, अर्जुन रेड्डी स्टार विजय देवरकोंडा को खराब तबीयत के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज चल रहा है। इसके चलते किंगडम के प्रमोशनल इवेंट्स से विजय को ब्रेक लेना पड़ा है। रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि विजय को डेंगू हुआ है। किंगडम की बात करें तो यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ऐसे में विजय के अस्पताल में भर्ती होने से फैंस काफी परेशान हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो विजय के साथ अस्पताल में उनका परिवार मौजूद है। 20 जुलाई तक विजय अस्पताल से डिसार्ज किए जा सकते हैं। किंगडम की बात करें तो यह एक स्पाई थ्रिलर फिल्म होगी। इस फिल्म को गौतम तिन्नानुरी ने डायरेक्ट किया है। रिपोर्ट्स की मानें तो नेटफ्लिक्स ने फिल्म के डिजिटल राइट्स को 50 करोड़ में खरीद लिया है।

## Highlights

1. **Stalin seeks PM's help on Katchatheevu, BJP says DMK-Congress ceded it in 1974**
2. **Patna Mayor's son absconds after assaulting opp'n councillors**
3. **Rape case can be quashed based on settlement in exceptional circumstances: SC**
4. **1.86 cr households to benefit from Bihar's free power plan: Dy CM**
5. **Cybercrime tsunami hits Himachal: Six victims every 15 minutes**

# PM Kisan Samman Nidhi Yojana 20th installment: Here's the expected release date



**NEW DEIHI, (Agency).** Prime Minister Narendra Modi is expected to release the 20th installment of the PM Kisan Samman Nidhi Yojana(PMKSNY) to more than 9.8 crore farmers across the country, reports said.

The Prime Minister is expected to announce the next tranche of ₹2,000 in a big public meeting in Bihar's Motihari (East Champaran) on July 18, while he will be touring the state ahead of its assembly polls, according to a Zee News report.

The installments of PMKSNY is released quarterly. The previous tranche, which was the 19th installment, was released in February, during which over 9.8 crore farmers including 2.41 crore female farmers across the country were transferred the 19th installment of the PM-KISAN Scheme. All beneficiaries received direct financial assistance exceeding ₹22,000 crore through Direct Benefit Transfer (DBT).

However, beneficiaries have seen a delay this quarter.

The PM is expected to press the button for direct transfer of ₹2,000 to the bank accounts of millions of eligible farmers, said the report.

Things to keep in mind for PMKSNY:

1. Link your bank account to your Aadhar card.
2. Check Aadhar linking with bank account status.
3. Keep the DBT option active in your Aadhaar linked bank account.
4. Complete your e-KYC.
5. Check your Aadhaar linking status under 'Know Your Status' option in the PM Kisan Portal.

How to check if your name is on the beneficiary list?

1. Visit official PM KISAN website portal by clicking here https://pmkisan.gov.in/
2. Next to the map of India under the Payment Success tab, click on the yellow-coloured tab called "Dashboard".
3. Fill in the required details on the Village Dashboard tab.
4. Select the applicable state, district, sub-district and panchayat.
5. Select the details.
6. Click the 'Get Report' button
7. See your name in the beneficiaries list

# Spike in imports raises trade diversion concerns

**NEW DEIHI, (Agency).** India has initiated investigations into an unusual spike in a month in imports of over a dozen products from countries including China, Malaysia, Indonesia, Bangladesh and Nepal, even as the world witnesses large-scale trade diversion because of the US tariff barriers, government officials said.




The world's largest container ship, MSC IRINA, is berthed at Vizhinjam port in Thiruvananthapuram, on June 9, 2025. (AP FILE)

The world's largest container ship, MSC IRINA, is berthed at Vizhinjam port in Thiruvananthapuram, on June 9, 2025. (AP FILE)

At least 14 products are under the scanner, including different chemicals, steel tubes, various types of glasses, jute items and paperboards, said a commerce ministry official who asked not to be named.

"Industry bodies, sectoral ministries and government agencies are on high alert to report any unusual import surge due to trade diversion. Based on their inputs, the government will conduct an investigation and take remedial action immediately to protect domestic units," he added.

There has been a sharp 35% decline in Chinese exports to its biggest market, the US in May after the Trump administration announced " Liberation Day" tariffs from April 5. Despite that China's total exports saw a positive growth, raising suspicion that some of its America-bound merchandise is now being diverted to other markets, a second official said.

Prime facie, most of these merchandise originate from China and are shipped via those countries that have favourable trade relationship with India, this person added, requesting anonymity. "For example, there is an import surge of textured tempered coated and uncoated glass from Malaysia and virgin multi-layered paperboard from Indonesia. It is suspected that some of them originated in China and entered India through Asean FTA."

# जन्मदिन के दिन महिला ने घर में फांसी लगाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। साईं विहार कॉलोनी निवासी एक महिला ने जन्मदिन के दिन आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि उसका भाई और रिश्तेदार उसे कॉल कर रहे थे, लेकिन वह कॉल नहीं उठा रही थी।**

राउ पुलिस एएसआई मधुकर विश्वकर्मा के मुताबिक, घटना बुधवार शाम की है। कविता पाटिल (45) ने अपने घर में फांसी लगा ली। शाम को पति गौरव पाटिल कंपनी से घर आया, तो पत्नी को फंदे पर लटका देखा। इसके बाद उसने आसपास के लोगों को जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। एफएसएल टीम को बुलाया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। एएसआई मधुकर विश्वकर्मा ने बताया कि बुधवार को महिला का जन्मदिन था। वह घर पर अकेली थी। उसकी बेटी एक निजी कॉलेज में पढ़ाई करती है और उस दिन कॉलेज गई हुई थी, जबकि बेटा महाराष्ट्र के धुले के पास एक गांव में रहता है। दोपहर में कविता को जन्मदिन की बधाई देने के लिए कई रिश्तेदारों ने कॉल किए, लेकिन उसने कोई भी कॉल रिसीव नहीं किया। आशंका है कि उसने दोपहर में ही आत्महत्या कर ली थी।परिवार ने कविता के किसी बीमारी या मानसिक तनाव के बारे में जानकारी नहीं दी है। इस समय उसका पति गौरव बयान देने की स्थिति में नहीं है और अन्य परिजनों के भी अभी तक बयान नहीं हो सके हैं। कविता के मोबाइल में केवल मिस्ड कॉल्स ही पाए गए हैं और कमरे से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए महाराष्ट्र ले गए हैं।



## मोबाइल लेकर फरार हुआ बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तेजाजी नगर में भी एक सीएनजी पंप पर काम करने वाले कर्मचारी देवनारायण दांगी का बदमाशों ने मोबाइल चुरा लिया। देवनारायण ने बताया कि रात को ड्यूटी के दौरान उसने मोबाइल चार्जिंग पर लगाया था। बाद में आकर देखा तो मोबाइल नही मिला। पुलिस को संदेही के सीसीटीवी मिले है। वीडियो में एक बदमाश मोबाइल निकालते हुए दिखाई दिया है। पुलिस संदेही की तलाश कर रही है।

# रक्षाबंधन के लिए छुट्टी मांगी तो सफाईकर्मियों को बंधक बनाया

## होटल मालकिन, मैनेजर ने रॉड से पीटा भी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राजेंद्र नगर में सफाई कर्मचारियों को बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। रक्षाबंधन पर छुट्टी मांगी तो होटल स्टाफ ने सफाईकर्मियों को कमरे में बंद कर बंधक बना लिया और मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है। हालांकि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, सोनू वाल्मीकि की शिकायत पर गोल्डन गैलोरी होटल के मैनेजर जनक यादव और होटल की मालकिन शिल्पी के खिलाफ बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया है। सोनू ने एफआईआर में बताया कि वह और उसका भाई सतीश पिछले एक साल से होटल में सफाई का काम कर रहे हैं। राखी के त्योहार के लिए जब उन्होंने छुट्टी की बात की, तो मालकिन शिल्पी ने मना कर दिया और कहा कि अगर छुट्टी ली तो सैलरी नहीं मिलेगी। इस पर विवाद बढ़ गया। सोनू के मुताबिक, शिल्पी ने उसे और उसके भाई को होटल के एक कमरे में बंद कर दिया और लकड़ी के डंडे से पीटा। वहीं, मैनेजर जनक यादव ने लोहे की रॉड से मारपीट की। दोनों ने उनका मोबाइल भी छीन लिया और बुधवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कमरे में बंद रखा। शाम को जब उन्हें जाने दिया गया, तब मोबाइल वापस किया गया। इसके बाद सोनू ने अपने सबसे बड़े भाई को घटना की जानकारी दी। भाई अपने एक साथी के साथ होटल पहुंचा और दोनों को लेकर थाने गया। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है।

# युवक को 5 लोगों ने बेरहमी से पीटा : मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मूसाखेड़ी इलाके में एक मजदूर की निर्माणाधीन पुल पर चौकीदार और कर्मचारियों ने बेरहमी से पिटाई कर दी। इसके बाद घायल अवस्था में उसे बाहर छोड़ दिया। आधे घंटे बाद उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार की है।**

पुलिस ने शव मिलने के आधे घंटे के भीतर ही मृतक की पहचान कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन ठेकेदार को भी आरोपी बनाए जाने की मांग को लेकर मांग करने लगे। उन्होंने चार घंटे तक थाना परिसर में शव रखकर प्रदर्शन किया। समझाइश के बाद परिजन शव लेकर चले गए। गुरुवार को मजदूर का अंतिम संस्कार किया गया। एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा के अनुसार, घटना मूसाखेड़ी क्षेत्र की है। यहां शिवदर्शन नगर निवासी उमेंद्र सिंह पुत्र महाराज सिंह ठाकुर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या चौकीदार और उसके साथी कर्मचारियों ने की। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रामअवतार पिता कमलेश लोधी, निवासी गली मयूर नगर, बहादुर पिता कमलेश लोधी, निवासी मयूर नगर, साहिल पिता संतोष कुमार राजपूत, निवासी पिपलियाहाना सर्विस सेंटर, राहुल पिता खेमराज पटेल, निवासी मयूर नगर और सुजीत को गिरफ्तार किया गया है।

# गर्लफ्रेंड का बर्थडे सेलिब्रेट करने आए युवक से लूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खजराना में बुधवार को भोपाल से अपनी गर्लफ्रेंड का बर्थडे सेलिब्रेट करने आए युवक के साथ लूट हो गई। युवक वारदात के बाद थाने पहुंचा। पुलिस ने जब घटनास्थल के कैमरे चेक किए, तो आरोपी उसके साथ जाते दिखे। पुलिस ने तुरंत आरोपियों की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया है। उसके पास से मोबाइल और पर्स जब्त हुआ है। टीआई मनोज सेंधव के मुताबिक आशुतोष पुत्र प्रदीप पुरी निवासी एमपी नगर भोपाल को तीन लड़कों ने लूट लिया। आशुतोष का आरोपी मोबाइल, पर्स ले गए। मामले में पुलिस ने गिल्लु उर्फ सुमित पुत्र मुकेश पटेल निवासी मुमताज बाग कालोनी, लडडू उर्फ सुमित पुत्र संतोष चौहान और एक नाबालिग साथी को पकड़ा है। आशुतोष ने पुलिस को बताया कि वह 5 बजे पैदल विजयनगर से रेडिसन की तरफ पहुंचा। यहां तीन लड़के मिले। उनसे केक लेने के लिए बेकरी का पूछा। तभी आरोपियों ने रोबोट चौराहे की तरफ बेकरी होने की बात कही। इसी बीच आरोपियों ने युवक से मारपीट कर मोबाइल और पर्स छीन लिया। आशुतोष ने बताया कि वह मूल रूप से नरसिंहपुर का रहने वाला है। यहां गर्लफ्रेंड का बर्थडे सेलिब्रेट करने पहुंचा था। बस से उतरकर वह सीधे केक लेकर उसके रूम पर ही जाता। लेकिन उसके पहले ही लूट की वारदात हो गई। गिल्लू पार्सल डिलीवरी का काम करता है। वही लड्डू एक सैलून पर काम करता है। नाबालिग साथी बेरोजगार है।

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....
व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....
कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...
जांचिए ! परखिये !!
ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए
"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...
गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें।
समाज में जागरुकता फैलाये।
FOLLOW US
DETECTIVE GROUP
Detecting the truth.
091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक